



# महाकाल की नगरी से गूंजेगी आकाशवाणी, उज्जैन को नई आवाज देंगे सीएम डॉ. यादव

## कलेक्टर ने परखी आकाशवाणी की व्यवस्था, तेज हुआ विकास कार्यों का निरीक्षण, कलेक्टर रौशन सिंह ने गुणवत्तापूर्ण सड़क-ब्रिज निर्माण का लिया जायजा





**उज्जैन। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच उज्जैन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आकाशवाणी केंद्र के तौर पर एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री का जल्द आगमन होने वाला है और वह आकाशवाणी केंद्र भी जाएंगे। सीएम के आने से पहले कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को आकाशवाणी केंद्र का जायजा लिया।**

दरअसल शनिवार को कलेक्टर ने दो महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने जहां एक ओर नव-स्थापित दूरदर्शन आकाशवाणी केंद्र का अवलोकन किया, वहीं दूसरी ओर देवास रोड पर प्रगतिरत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और गति को परखा।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को दूरदर्शन आकाशवाणी केंद्र के कार्यालय और प्रसारण कक्ष का विस्तृत अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यहाँ आगमन कर कार्यक्रम में सहभागिता करना प्रस्तावित है। जिसके मद्देनजर कलेक्टर ने प्रसारण से संबंधित व्यवस्थाओं, तकनीकी उपकरणों, सुरक्षा प्रबंधन और केंद्र परिसर की बारीकियों को जांचा।

आकाशवाणी केंद्र के अवलोकन के बाद कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने देवास रोड पर चल रहे हामूखेड़ी से तपोभूमि तक प्रगतिरत सड़क डामरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्य को तेज गति से पूरा किया जाए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने इसी मार्ग पर स्थित ब्रिज निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और लोक निर्माण विभाग व सेतु विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य को समय-सीमा से पूर्व पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में शीघ्र सुविधा मिल सके।

### उज्जैन को आकाशवाणी केंद्र से फायदे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दी गई यह सौगात उज्जैन के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह केंद्र सिंहस्थ से पहले शहर की सांस्कृतिक और सूचनात्मक पहचान को मजबूत करेगा। स्थानीय संस्कृति और धर्म का प्रचार होगा। यह केंद्र महाकाल की नगरी की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को राष्ट्रीय पटल पर प्रसारित करेगा, यह स्थानीय खबरों, सरकारी योजनाओं और जनहित की सूचनाओं को आसानी से आमजन तक पहुंचाएगा। केंद्र के माध्यम से शैक्षणिक कार्यक्रम, लोक संगीत और साहित्यिक चर्चाओं को बढ़ावा मिलेगा। आपातकालीन स्थितियों में यह केंद्र विश्वसनीय और त्वरित सूचना का स्रोत बनेगा। सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन के दौरान यात्रियों के मार्गदर्शन और भीड़ नियंत्रण के लिए यह एक महत्वपूर्ण संचार माध्यम साबित होगा। कलेक्टर ने पार्किंग क्षेत्र और प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित आकाशवाणी केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजीव रत्न कॉलोनी में गोलियां चलने वाला बदमाश रिमांड पर

## हिरासत से भागते समय हुआ था घायल, भाई के संबंध में की जा रही पूछताछ



उज्जैन। 12 दिनों से फरार चल रहा कुख्यात बदमाश हिरासत में आने के बाद आरक्षक को धक्का देकर भागने के प्रयास में ब्रिज से गिरकर घायल हो गया था। जिसे शनिवार को न्यायालय में पेश कर तीन दिनों की रिमांड पर लिया गया है। बदमाश ने भाई और साथियों के साथ मिलकर राजीव रत्न कॉलोनी में गोलियां चलाई थी।

8 नवंबर की रात राजीव रत्न कालोनी में आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने अभिषेक दावरे के साथ मारपीट करते हुए घर में तोड़फोड़ की थी और गोलियां चलाकर दहशत फैलाई थी। अभिषेक दावरे की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। गोलियां चलाने में बदमाश रोशन गुर्जर, अनमोल गुर्जर, नितेश उर्फ काऊ, टोपू चौहान, कालू चौहान और अन्य के नाम सामने आये थे। बदमाश रोशन, अनमोल और काऊ लगातार पुलिस की गिरफ्त से दूर भाग रहे थे। जिनकी सरगर्मी से तलाश जारी थी। शुक्रवार को क्राइम ब्रांच और नीलगंगा थाना पुलिस को खबर मिली कि रोशन गुर्जर घर में छुपा हुआ है। रोशन गुर्जर के मकान पर ताला लगा हुआ था, उसके घर में छुपा होने का पता चलने पर घेराबंदी की गई और बाहर निकाला गया। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि थाने लाकर उससे पूछताछ की गई। उसने बताया कि गोली चलाने के बाद लालपुल के समीप पिस्टल फेंककर भाग निकले थे। पिस्टल बरामद करने के लिये उसे लालपुल ले जाया गया, जहां ब्रिज से उसने आरक्षक को धक्का देकर भागने का प्रयास किया, पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की, बदमाश ब्रिज से गिरकर घायल हो गया। जिसे दबोचा गया, पैर में चोंट लगने पर उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था जहां से उसे 3 दिन की रिमांड पर लिया गया है। बदमाश में प्रारंभिक पूछताछ में गोली चलाने के दौरान शामिल रहे अपने भाई अनमोल के महाराष्ट्र में होने की जानकारी दी है जिसके चलते पुलिस की एक टीम महाराष्ट्र रवाना की जाएगी।

### पैरोल मिलने के बाद फरार हुआ कैदी पकड़ाया

उज्जैन। हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा कैदी पैरोल मिलने के बाद फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। शुक्रवार रात सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे देवास जिले के गांव से गिरफ्तार किया है। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में हत्या के गंभीर अपराध में आजीवन कारावास की सजा काट रहा बंदी शिव पिता नगजीराम, 37 वर्ष, निवासी जवासिया नई आबादी बिलाक रोड जवासिया जिला देवास 27 मई 2025 को पैरोल (अस्थाई मुक्ति) पर रिहा किया गया था। पैरोल अवधि समाप्त होने उपरांत बंदी को 11 जून 2025 को केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में प्रवेश होना था, लेकिन बंदी शिव द्वारा जेल में हाजिरी नहीं दी गई और वह फरार हो गया। जेल प्रहरी की ओर से मामले में प्रकरण दर्ज कराया गया था। पुलिस द्वारा तलाश शुरू की गई थी वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम घोषित किया गया था। शुक्रवार शाम सूचना मिली थी पैरोल पर गया बंदी उसके घर के आसपास दिखाई दिया है। थाना प्रभारी आर. एस. शक्तावत, ए एस आई रामचन्द्र व्यास टीम के साथ देवास जिले के ग्राम जवासिया पहुंचे और घेराबंदी कर फरार हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे शनिवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# कैमरे के फुटेज देखने पर मिला बुलेट चोरी के आरोपियों का सुराग

उज्जैन। 18 दिन पहले चोरी हुई 2.50 लाख कीमत की बुलेट महू के गुर्जरखेड़ा में रहने वाले बदमाश और उसके नाबालिग साथी ने चोरी की थी। सीसीटीवी कैमरों से सुराग मिलने पर दोनों को गिरफ्तार किया गया है।

नीलगंगा थाना एसआई मेवाराम सकरवार ने बताया कि 3 नवंबर की रात हनुमान नाका पर रहने वाले आशीष परमार की बुलेट बदमाश चोरी कर ले गये थे। शिकायत दर्ज करने के बाद बदमाशों का पता लगाने के लिये प्रधान आरक्षक कपिल राठौर और आरक्षक पुष्पराजसिंह के साथ मिलकर 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें दो बदमाशों का मूवमेंट दिखाई दिया जो महू की ओर गये थे। दोनों का पता लगाने के लिये सायबर टीम की मदद ली गई और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर महू के गुर्जरखेड़ा में दबिश देकर पकड़ा गया। बुलेट जब्त कर दोनों को उज्जैन लाया गया। चोरी का मुख्य आरोपी नाबालिग का साथी पियुष पिता अखिलेश गुप्ता होना सामने आया। जिसके खिलाफ महू में भी वाहन चोरी और नकबजनी के मामले दर्ज है। पूछताछ में पीयूष ने कबूल किया कि वह वाहन चोरी कर कम कीमत में बेचने का काम करता है। एसआई सकवार के अनुसार दोनों को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां पीयूष को जेल और नाबालिग को बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है।

### उन्हेल रोड पर पलटी कार, 3 घायल

उज्जैन। उन्हेल मार्ग पर शनिवार सुबह तेज गति से दौड़ती कार अनियंत्रित होने के बाद पलटी खा गई। तीन लोग घायल हुए हैं। कार में 6 लोग सवार होकर राजस्थान जा रहे थे। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि हादसा सुबह 6 बजे के करीब हुआ। इंदौर की महालक्ष्मी कॉलोनी निवासी खामसिंह पांचाल, अपने दोस्त भादर चौहान लक्ष्मण सिंह और अन्य के साथ कार से राजस्थान में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे था। उन्हेल रोड पर ग्राम रूई के पास उनकी तेज गति कार का संतुलन बिगड़ने से पलटी खा गई। दुर्घटना में खामसिंह, भादर सहित बालक करण घायल हो गए। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। दो अन्य को मामूली चोट लगी है। घायलों ने बताया कि रूई के मोड़ पर एकाएक वाहन पलटी खाया था। उल्लेखनीय है कि रूई में उक्त मोड़ काफी खतरनाक है और आए दिन यहां घटना होती है।

# अचानक सड़क पर आई नीलगाय से टकराकर दो युवक हुए घायल

उज्जैन। ग्रामीण क्षेत्रों में नीलगाय का आंतक लगातार सामने आ रहा है। बीती रात एक बार फिर बाइक के सामने आई नीलगाय की वजह से दो युवक घायल हो गए जिन्हें उज्जैन उपचार के लिए लाया गया है। ग्राम जगोटी स्थित बरखेड़ी का रहने वाला सूरज पिता कालूराम चौहान अपने दोस्त रामबाबू पिता गजराज के साथ रात में खेत से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। उसी दौरान रास्ते में दौड़ती हुई नीलगाय बाइक के सामने आ गई जिससे टकराने पर दोनों घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए रात में ही उज्जैन लाया गया। रामबाबू ने बताया कि सूरज अपने खेत पर पाणत करने गया था। उसी के बाद वह घर लौट रहे थे। अस्पताल की ओर से मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पूर्व में भी कई बार नीलगाय की वजह से ग्रामीणों के घायल होने के मामले सामने आ चुके हैं। कुछ समय पहले नीलगायों की धरपकड़ का अभियान भी चला था और दर्जनों नीलगाय पकड़ी गई थी। बावजूद इसके ग्रामीण क्षेत्रों में इनका आतंक कम नहीं हो रहा है।

# कार्तिक मेला मंच पर आज अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**उज्जैन। नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा रविवार 23 नवंबर को सायं 7 बजे से कार्तिक मेला मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हास्य के सुप्रसिद्ध कवि सुरेन्द्र शर्मा के साथ ही हास्य के किंग कहे जाने वाले अहसान कुरैशी के हास्य व्यंग्यों से गुदगदाएंगे मेले में उपस्थित श्रोताओं को। इसलिए जनता से उपस्थित होकर आनंद लेने की अपील की गई है।**

कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र मेहर ने बताया गया कि रविवार 23 नवम्बर को सायं 7 बजे से कार्तिक मेला मंच पर अभा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिससे देश एवं दुनिया में अपनी कविताओं का पाठ करने वाले ख्याति प्राप्त कवियों को आमंत्रित किया गया। जिसमें सुरेंद्र शर्मा, अहसान कुरैशी, सुमन दुबे, मुन्ना बैटरी, राम भदावर, गौरव चौहान, दिनेश देसी घी, प्रीति पांडेय, मारूति नंदन, सुरेंद्र सर्किट, दिनेश दिग्गज सूत्रधार सम्मिलित है। महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव एवं समिति संयोजक एवं सह संयोजकगणों ने नागरिकों से अपील की है कि आज को कार्तिक मेला मंच पर आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में पहुंच कर कवि सम्मेलन का आनंद लें।

### निगम की प्रदर्शनी का नागरिकों द्वारा किया जा रहा अवलोकन

उज्जैन। नगर निगम ने कार्तिक मेला अंतर्गत प्रदर्शनी का निर्माण किया गया है। जिसका कार्तिक मेले में आने वाले नागरिकों द्वारा अवलोकन किया जा रहा हैं। प्रदर्शनी में उज्जैन शहर में प्रचलित निर्माण एवं विकास कार्यों, नवाचारों, शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किए गए भूमि पूजन, लोकार्पण, हितग्राहियों को लाभ वितरण के साथ ही नगर निगम द्वारा संचालित प्लांट जिसमें कपड़ों से फाइल कवर बनाने, सब्जियों से बायोगैस बनाने, फूलों से अगरबत्ती धूपबत्ती एवं हर्बल गुलाल बनाने इत्यादि की जानकारी मॉडल के रूप में दी जा रही है।

**अनावरण किया** — निगम के पूर्व महापौर स्व. प्रेम नारायण यादव की स्मृति में 36वीं मेयर ट्रॉफी वेस्टर्न झोनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 30 को

# अभा मेयर ट्रॉफी बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप की ट्रॉफियों का महापौर ने किया अनावरण

नवभारत न्यूज




उज्जैन। नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा पूर्व महापौर स्व. प्रेम नारायण यादव की स्मृति में 36 वीं मेयर ट्रॉफी वेस्टर्न झोनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन 30 नवंबर रविवार को सांय 6:00 बजे से कार्तिक मेला मंच पर किया जाएगा। उक्त राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में 4 लाख के केश प्राइस वितरित किए जाएंगे शनिवार को महापौर निवास पर मेयर ट्रॉफी का अनावरण महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में किया गया। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा बॉडी बिल्डिंग प्रतिस्पर्धा की जानकारी देते हुए बताया कि चौंपियनशिप में गोवा, महाराष्ट्र, विदर्भ, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के 250 से भी अधिक शरीर साधक संगीत की धुन पर थिरखते हुए मांसपेशियों का प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ शरीर उत्तम राष्ट्र का संदेश भी प्रदान करेंगे। इस स्पर्धा के 10 विभिन्न वजनों में चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ विजेता को 4 लाख से अधिक आकर्षक केश प्राइज ट्रॉफी के साथ प्रदान किए जाएंगे। साथ ही आगामी वर्ष में होने वाली मेयर ट्रॉफी के बजट में वृद्धि की जाकर मेयर ट्रॉफी विजेता को 1 लाख रुपए की कैश प्राईस दिये जाने की घोषणा की गई। बेस्ट पोजर ट्रॉफी स्व. जगदीश नारंग की स्मृति में, बेस्ट इंप्रूवमेंट बॉडी गुरमुख दास थानी की स्मृति में, मोस्ट मस्कुलर मेन का खिताब स्व. चुन्नी पहलवान एवं कमल काका की स्मृति में प्रदान किया जाएगा, समस्त सहभागी खिलाड़ियों को प्रसिद्ध कर सलाहकार स्व. ओमप्रकाश अग्रवाल की स्मृति में ओ पी अग्रवाल कंपनी की ओर से आकर्षक ट्राफियां प्रदान की जाएगी। मेयर ट्रॉफी अनावरण समारोह में सह संयोजक कैलाश प्रजापति, पुरुषोत्तम मालवीय, पंकज चौधरी, अर्पित दुबे, समिति सचिव एवं उपायुक्त योगेन्द्र पटेल, राज्य शरीर स्वस्थ संस्था के अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह यादव, राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास, पूर्व मिस्टर इंडिया जितेन्द्र सिंह कुशवाहा, इंजीनियर गजेंद्र मेहता, जय यादव उपस्थित रहे।

### आज कार्तिक मेले में दंगल का आयोजन

उज्जैन। स्व. श्री राम भैया यादव की स्मृति में आज दिनांक 23 नवंबर रविवार को दोपहर 2 बजे से कार्तिक मेला कुश्ती एरिना में नगर निगम द्वारा एक दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता संयोजक भारती विजय चौधरी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम द्वारा आयोजित एक दिवसीय दंगल में 28 जोड़ों में दंगल होगा। जिसमें दीपांशु पहलवान (पंजाब), विजय वारा पहलवान (वाशी महाराष्ट्र), मोहित पहलवान (सोनीपत हरियाणा), अहमद पहलवान (पंजाब), शाकीरा नूर पहलवान (मेरठ उत्तर प्रदेश) राम पहलवान (पुणे महाराष्ट्र) के बीच शानदार कांटा दंगल होगा।

## एक नजर में



### दुर्गादास राठौड़ की पुण्यतिथि मनाई

उज्जैन। शिप्रा किनारे स्थित वीर दुर्गादास राठौड़ की क्षत्री पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में 22 नवम्बर की शाम 4 बजे स्व. राठौड़ की 307 वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गयी। श्री दुर्गादास राठौड़ ने मुगल बादशाह औरंगज़ेब के खिलाफ़ संघर्ष कर मारवाड़ की स्वतंत्रता की रक्षा की। श्री दुर्गादास के पिता आसकरणसिंह राठौड़ मारवाड़ जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह (प्रथम) के राज्य की दुनेवाजागीर के जागीरदार थे, उनकी माता का नाम नेत कुंवर से उनका जन्म 13 अगस्त 1638 को ग्राम सालवा में हुआ था। उन्होंने मारवाड़ में राठौड़ वंश की सत्ता को बनाये रखा। महाराजा जसवंतसिंह की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र अज़ीज़सिंह को राजगद्दी पर बैठाया। ऐसे महान देशभक्त ने 22 नवम्बर 1718 को मां क्षिप्रा किनारे अंतिम सांस ली और उसी स्थान पर पुण्यतिथि के अवसर पर संगठन द्वारा 31 वां पुण्यस्मरण समारोह आयोजित किया गया है, इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य हरदयालसिंह ठाकुर एवं मलखानसिंह दीक्षित, अनिलसिंह राजपूत, राजेशसिंह दीक्षित, लाखनसिंह असावत, भारतसिंह राठौड़, रोहितसिंह राठौड़, दिनेश चौहान आदि ने राठौड़ जी का पुण्यस्मरण करते हुए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

### डॉ. जोशी प्रथम स्मरण समारोह आज

उज्जैन। बहुविध साहित्यकार, लेखक और प्रख्यात पत्रकार स्व. डॉ. देवेन्द्र जोशी की प्रथम पुण्य तिथि पर प्रेस क्लब में आज रविवार 23 नवम्बर सायं साढ़े पांच बजे डॉ. देवेन्द्र जोशी प्रथम पुण्य स्मरण और सम्मान समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन और डॉ. देवेन्द्र जोशी साहित्य विमर्श परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की संयोजक सीमा देवेन्द्र ने बताया कि डॉ. देवेन्द्र जोशी प्रथम पुण्य स्मरण और सम्मान समारोह के सारस्वत अतिथि पूर्व कुलगुरु एवं पूर्व संभागायुक्त डॉ. मोहन गुप्त होंगे तथा प्रमुख अतिथि पूर्व कुलगुरु डॉ. बालकृष्ण शर्मा होंगे। विशेष अतिथि वरिष्ठ मालवी साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया, विशिष्ट अतिथि प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी और प्रमुख वक्ता सम्राट विक्रमादित्य विवि के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा होंगे। सूत्रधार डॉ. पांखुरी वक्त होंगी। सम्मान समारोह के अंतर्गत नगर के ख्यात व्यंग्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह को डॉ. देवेन्द्र जोशी स्मृति साहित्य-पत्रकारिता सम्मान 2025 से सम्मानित किया जाएगा।

### वीरांगना के इतिहास को किया नमन

उज्जैन। अजाक्स संभाग संगठन द्वारा वीरांगना झलकारी बाई की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने किया। इस अवसर पर झलकारी बाई की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें ससम्मान नमन किया गया। कार्यक्रम में अजाक्स संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संभागीय सचिव विक्रम सिंह परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में झलकारी बाई के संघर्ष, पराक्रम और योगदान को याद करना है, ताकि नई पीढ़ी भी उनके त्याग और साहस से प्रेरणा ले सके। झलकारी बाई को दलित वीरांगना और स्त्री शक्ति के प्रतीक के रूप में भी सम्मानित किया जाता है। अजाक्स संगठन ने जयंती के अवसर पर उनके अदम्य साहस को नमन करते हुए कहा कि झलकारी बाई का जीवन समाज को संघर्ष, समानता और राष्ट्रभक्ति का संदेश देता है। आज 23 नवंबर को भोपाल में होने वाले अधिवेशन में शामिल होने के लिए उज्जैन सम्भाग मुख्यालय से दल सुबह 7 बजे रवाना होगा, जो निर्धारित समयानुसार भोपाल पहुंचेगा। अधिवेशन में संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेकर आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

### 3 दिसंबर को निकलेगी शोभायात्रा

उज्जैन। महर्षि कार्तिकेयजी की अनुकंपा, माता किशोरी के आशीर्वाद से श्रीमाता गीता किशोरी के सानिध्य में श्री भगवराम संकीर्तन मंडल क्षीरसागर का 82वां वार्षिकोत्सव आज ध्वजारोहण से प्रारंभ होगा। जानकी वल्लभ मंदिर, क्षीरसागर पर आज 23 नवंबर प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण से वार्षिकोत्सव प्रारंभ होगा। जिसमें 23 नवंबर से 1 दिसंबर तक चलने वाले नवपारायण में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक सायं 6 से रात्रि 9 तक धार्मिक अनुष्ठान होगा। 23 नवंबर को प्रातः रामायण पाठ तथा सायं शिव विवाह, 24 नवंबर को प्रातः रामजन्म, सायं पुष्प वाटिका प्रसंग, 25 को प्रातः धनुषभंग, सायं राम विवाह, 26 को प्रातः अयोध्या में बारात स्वागत, सायं केवट संवाद, 27 को प्रातः रामायण पाठ, सायं भरत मिलाप, 28 नवंबर को प्रातः रामायण पाठ, सायं शबरी संवाद होगा। 29 नवंबर को सुंदरकांड तथा 30 को प्रातः रामायण पाठ तथा सायं राज्याभिषेक होगा। 1 दिसंबर को नवपारायण पूर्णाहुति होगी। 3 दिसंबर को शोभायात्रा शाम 6 बजे निकलेगी। 4 दिसंबर को हवन किया जाएगा। धर्मप्रेमी जनता से इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का निवेदन श्री भगवराम संकीर्तन मंडल के ट्रस्टी देवकीनंदन आचार्य, सुरेंद्र निगम, श्याम मेहरवाल, हरगोविंद जयसिंघानी, संजय चौहान आदि ने किया है।

### मनोरोगी महिला का सुरक्षित प्रसव कराया

उज्जैन। अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के वृहद परिवार में एक और नन्ही लक्ष्मी का पदार्पण हुआ। आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने जयपुर प्रवास पर रहते हुए बताया कि हमारे उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह बहुत ही संवेदनशील है जिनके कारण उड़ीसा की मनोरोग से ग्रस्त महिला ममता का सफल प्रसव शासकीय जिला चिकित्सालय चरक भवन में चिकित्सकीय दल की निगरानी में सम्पन्न हुआ। आपने बताया कि मई 2025 को अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी उज्जैन की अनुशंसा पर आश्रम में प्रवेश दिया गया था, वह प्रवेश के समय 2 माह की गर्भवती थी, मानसिक रूग्ण होकर उड़ीसा से ट्रेन में बैठकर रतलाम पहुंची, वहां से सुरक्षित प्रसव हेतु सेवाधाम आश्रम में भेजा गया। ममता की स्थिति दयनीय थी, सुरक्षित प्रसव कराना संभव नहीं था किन्तु सुधीर भाई के मार्गदर्शन एवं श्रीमती कांता भाभी के नेतृत्व में 6 माह उसकी देखभाल, चिकित्सा, पौष्टिक आहार सहित सेवा की गई। देर रात्रि 1 बजे महिला को दर्द होने पर शासकीय जिला चिकित्सालय भेजा गया उज्जैन में प्रसव कराना संभव नहीं था, उक्त जानकारी उज्जैन कलेक्टर के संज्ञान में लाने के बाद जिला चिकित्सालय उज्जैन की सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया के निर्देशन में चिकित्सकीय दल द्वारा मनोरोगी महिला का सफल प्रसव कराया गया। ममता ने एक स्वस्थ बालिका को जन्म दिया, सुधीर भाई ने लक्ष्मी स्वरूप मान अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के वृहद परिवार में अपनाया।

### महाकाल में कंप्यूटर व नकद राशि भेंट

उज्जैन। महाकाल मंदिर में शुक्रवार को मुंबई महाराष्ट्र से परिवार के साथ दर्शन करने आए श्रद्धालु सौरभ जैन ने मंदिर की व्यवस्था से प्रसन्न होकर पचास हजार रुपए की राशि नकद दान स्वरूप भेंट की। इसके साथ ही उन्होंने एक कंप्यूटर सिस्टम एवं वेब कैमरे आदि सामग्री भी भेंट की। जैन ने कहा कि मंदिर में दर्शन कर उन्हें शांति की अनुभूति प्राप्त हुई है। काफी समय से उनकी यहां दान करने की इच्छा थी। मंदिर समिति की ओर से सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने उनका सम्मान किया।

### मुरली मंदिर में राम दरबार की स्थापना 25 को

उज्जैन। भैरवगढ़ स्थित सिद्धवट के मुरली मंदिर में श्री राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा 25 नवंबर को की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सिद्धवट मंदिर के पुजारी पंडित सुधीर चतुर्वेदी ने बताया कि राम विवाह पंचमी के अवसर पर यह प्रतिष्ठा की जा रही है। आदित्य वाहिनी एवं पुजारी पुरोहित समिति सिद्धवट मंदिर के तत्वावधान में समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में भगवान की प्रतिमा विधि-विधान पूर्वक अनुष्ठान कर प्राण-प्रतिष्ठित की जाएगी एवं महाआरती व भंडारा भी होगा।